# वाणिज्य में स्नातक
# (बी. कॉम. - जी )

## चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

### बी. सी. ओ. सी. -138: लागत लेखांकन

सत्रीय कार्य
**2025**

जांच सत्रीय कार्य की अवधि -1 जनवरी 2025 से 31 दिसम्बर 2025

चतुर्थ सत्र

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**1100 68**

वाणिज्य में स्नातक (बी. कॉम. - जी )

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

# बी. सी. ओ. सी. -138: लागत लेखांकन

## सत्रीय कार्य - 2025

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस सत्रीय कार्य को तीन खंडों में विभाजित किया गया है । खण्ड - क में वर्णनात्मक पांच प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं। खण्ड - ख में पांच लघु प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 6 अंक के हैं। खण्ड - ग में चार अति लघु प्रश्न दिए गए हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 5 अंक के हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो जून 2025 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2025 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो दिसंबर 2025 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे उसको 15 अक्टूबर 2025 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **बी. सी. ओ. सी. -138** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **लागत लेखांकन** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **बी. सी. ओ. सी. -138 / टी. एम. ए./ 2025** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### खण्ड - क

1. आधुनिक अर्थव्यवस्था में लागत लेखांकन का महत्व बताइये। (10)

2. ABC विश्लेषण क्या होता है ? ABC विश्लेषण के द्वारा स्टोर की मदों पर नियंत्रण कैसे किया जाता है ? (10)

3. प्रोत्साहन की विभिन्न विधियाँ कौन सी हैं ? बोनस अथवा प्रीमियम की किसी एक विधि की व्याख्या कीजिए जिसको आप प्रभावी मानते हैं। (10)

4. उचित उदाहरण की सहायता से मशीन घंटा दर की गणना स्पष्ट कीजिए। (10)

5. कोई फैक्ट्री जॉब लागत निर्धारण विधि का पालन करती है । इसके खातों से 31 दिसम्बर 2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निम्नलिखित आंकड़े प्राप्त हुए। (3+7)

| | रु. | | रु. |
|---|---|---|---|
| प्रत्यक्ष सामग्री | 90,000 | विक्रय और वितरण उपरिव्यय | 52,500 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी | 75,000 | प्रशासनिक उपरिव्यय | 42,000 |
| लाभ | 60,900 | फैक्ट्री उपरिव्यय | 45,000 |

क) प्रमुख लागत, कार्य लागत, उत्पादन की लागत, विक्रय की लागत और विक्रय मूल्य दर्शाते हुए जॉब लागत प्रपत्र तैयार कीजिए ।

ख) वर्ष 2023 में फैक्ट्री को कई जॉब के लिए आर्डर प्राप्त हुए । यह अनुमान लगाया गया की आवश्यक प्रत्यक्ष सामग्री का मूल्य रु. 1, 20,000 होगा और प्रत्यक्ष मजदूरी लागत रु. 75,000 होगी । यह मानते हुए की विक्रय और वितरण उपरिव्ययों में 15% की वृद्धि हुई है तो इन जॉब का मूल्य क्या होना चाहिए यदि फैक्ट्री वर्ष 2023 के समान ही लाभ कमाना चाहती है । फैक्ट्री, फैक्ट्री उपरिव्यय प्रत्यक्ष मजदूरी और प्रशासनिक के प्रतिशत के रूप में और विक्रय और वितरण उपरिव्यय कार्य लागत के प्रतिशत के रूप में लेती है ।

### खंड - ख

6. आप एक अपूर्ण ठेके पर वास्तविक लाभ कैसे ज्ञात करेंगे ? ऐसे लाभ का कितना भाग लाभ– हानि खाते को अंतरित किया जाता है ? (6)

7. प्रक्रिया लागत निर्धारण विधि की मुख्य विशेषताएं बताइये और इसकी कार्य विधि बताइये। (6)

8. उपोत्पाद के लेखांकन की विभिन्न विधियाँ स्पष्ट कीजिए। (6)

9. 'समतुल्य उत्पादन' से आप क्या समझते हैं ? (6)

10. कोई परिवहन कंपनी दो स्थानों A और B के लिए बस चलाती है । निम्नलिखित विवरण की सहायता से क) कुल किलोमीटर और ख) कुल यात्री किलोमीटर की दोनों स्थानों के लिए गणना कीजिए । (6)

| | A | B |
|---|---|---|
| बसों की संख्या | 4 | 5 |
| एक माह में कार्य दिवस | 30 | 25 |
| प्रत्येक बस द्वारा किये गये दौरे | 4 | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| रूट की दूरी (एक तरफ ) | 30 कि.मी. | 25 कि.मी. |
| बस की यात्री – सामर्थ्य | 60 यात्री | 50 यात्री |
| यात्रा करने वाले सामान्य | सार्मथ्य | सार्मथ्य का |
| यात्री | का 80% | 90% |

**खंड - ग**

11. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिये: (10)

क) प्रत्यक्ष लागतें और अप्रत्यक्ष लागतें

ख) पहले आगमन पहले निर्गमन पद्धति (FIFO) और अंतिम आगमन पहले निर्गमन पद्धति (LIFO)

ग) समयानुसार मजदूरी पद्धति और कार्यानुसार मजदूरी पद्धति

घ) उपकार्य लागत निर्धारण विधि और ठेका लागत निर्धारण विधि

12. निम्नलिखित पर संक्षिप्त में टिप्पणियाँ लिखिए: (10)

क) लागत की इकाई

ख) मजदूरी – पत्रक का लेखांकन

ग) प्रक्रिया हानियाँ

घ) समाकलित लेखांकन